NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:06, अंक:–16, पृष्ठ: 12 | बुधवार, 22 जुलाई, 2026 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र

# अब संसद में हंगामा

## काले कपड़े पहनकर पहुंचे विपक्षी सांसद

### अखिलेश बोले- बेटियों के कपड़े फाड़े, ये अधिकार किसने दिया



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा में पूछा कि पुलिस को बेटियों के कपड़े फाड़ने का अधिकार किसने दिया?

लोकसभा में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह कांग्रेस, समाजवादी पार्टी या भाजपा का नहीं, बल्कि छात्रों और युवाओं का मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ मारपीट की गई, जिसके विरोध में विपक्ष को प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करना पड़ा। अखिलेश ने कहा कि जब प्रधानमंत्री सदन के बाहर बयान दे सकते हैं, तो इस मुद्दे पर संसद में आकर जवाब क्यों नहीं देते।

राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। विपक्षी पार्टियां 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, पेपर लीक और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार विरोध कर रहा है।

हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के एक मिनट बाद ही स्थगित कर दी गई। दोपहर 12 बजे सदन दोबारा शुरू हुआ, लेकिन करीब 5 मिनट बाद फिर से दोपहर 2 बजे तक स्थगित करना पड़ा। राज्यसभा की कार्यवाही भी 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 21 जुलाई को पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा- कल जिस तरह राहुल गांधी प्रदर्शन कर रहे थे, अगर मेरा बेटा परीक्षा में देर से पहुंच जाता तो क्या उसके लिए कोई अलग व्यवस्था होती? क्या वह किसी नेता का बेटा नहीं है, क्या वह छात्र नहीं है, क्या वह परीक्षार्थी नहीं है? ऐसी शर्मनाक राजनीति सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। दुबे ने कहा- जंतर-मंतर पर हो रहे प्रदर्शन को बांग्लादेश, पाकिस्तान और कुछ इस्लामिक देशों से समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस ऐसे लोगों के साथ खड़ी होकर देश को तोड़ने की साजिश का हिस्सा बन रही है। गांधी परिवार देशविरोधी तत्वों के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है।

**छात्रों पर पुलिस कार्रवाई पर राज्यसभा में चर्चा की मांग**

कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी और सैयद नासिर हुसैन ने बुधवार को राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देकर छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और देश की परीक्षा व्यवस्था पर चर्चा की मांग की।

नोटिस में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, नीट पेपर लीक और सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस सांसदों ने कहा कि इन मामलों पर सदन में तत्काल चर्चा कराई जानी चाहिए।

## प्रोटेस्ट के बीच सीजेपी का दावा

## सरकार से बातचीत को तैयार, न्यूट्रल जगह तय हो



**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच, सीजेपी के आशुतोष रांका ने आज बताया कि सरकार ने हमसे बातचीत करने के लिए संपर्क करने की कोशिश की है। हम बातचीत के लिए तैयार हैं। बातचीत जंतर-मंतर पर हो या कोई न्यूट्रल प्लेस डिसाइड हो, इस बार समय व्यर्थ नहीं होगा।

इससे पहले, आशुतोष रांका ने केंद्र सरकार को कड़ी चेतावनी दी थी। बुधवार को रांका ने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने प्रदर्शनकारियों की मांगें जल्द नहीं मानीं, तो देश का युवा सरकार को करारा जवाब देगा। उन्होंने 20 जुलाई को हुए प्रदर्शन को महज एक 'ट्रेलर' करार दिया। आशुतोष रांका ने इस विरोध-प्रदर्शन को स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे बड़ा आंदोलन बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो इस बार लाखों और लोग दिल्ली का रुख करेंगे और शांत नहीं बैठेंगे।

## बंगाल से दिल्ली भेजी गई सीआरपीएफ की 20 कंपनियां, 2 हजार जवान एयरलिफ्ट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल से सीआरपीएफ की 20 अतिरिक्त कंपनियों को दिल्ली में तैनात करने का आदेश दिया है। एक उपद्धव्रकंपनी में करीब 100 जवान होते हैं। गृह मंत्रालय के निर्देश पर करीब 2000 जवानों को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एयरलिफ्ट कर लाया जा रहा है। इन कंपनियों को संसद का मानसून सत्र और दिल्ली में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया जाएगा। इससे पहले भी केंद्र सरकार दिल्ली पुलिस की मदद के लिए करीब 30 कंपनियां सीआरपीएफ और उसकी दंगा-रोधी इकाई आरएएफ की तैनाती कर चुकी है। ये बल प्रदर्शन को देखते हुए पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## दिल्ली मेट्रो के 16 स्टेशन बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर अभी भी प्रदर्शनकारी मौजूद हैं। सोमवार को संसद कूच के नाम पर प्रदर्शन के दौरान जबरदस्त बवाल और हंगामा देखने को मिला था। इसके बाद मंगलवार की रात को भी जंतर मंतर और कनॉट प्लेस इलाके में उपद्रवियों ने जमकर बवाल किया है। दिल्ली पुलिस उपद्रव फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। इस बीच अब दिल्ली में बवाल को देखते हुए बड़ा फैसला लिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन यानी डीएमआरसी ने जानकारी दी है कि दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशनों को बंद कर दिया गया है।



सामने आई जानकारी के मुताबिक, मेट्रो स्टेशन पर सीआरपीएफ को तैनात किया गया है। संसद जाने वाले मार्ग पर सीआरपीएफ का भी डेप्लॉयमेंट कर दिया गया है। जंतर-मंतर के आसपास के चार मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली पुलिस का डिप्लॉयमेंट है। ये राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशन, पटेल चौक मेट्रो स्टेशन और बाराखंबा मेट्रो स्टेशन हैं। मेट्रो स्टेशन के बाहर पुलिस मॉनिटर कर रही है की कितनी संख्या में लोग जंतर मंतर जा रहे हैं।

# 'समय बर्बाद न करें'

## सीजेपी प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई का मामला, तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मार्च के दौरान छात्र प्रदर्शनकारियों पर कथित पुलिस कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। वकील नरेंद्र मिश्रा ने चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का जिक्र करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। इस पर सीजेआई ने कहा, हमारा समय बर्बाद मत कीजिए और अपना समय भी बर्बाद मत कीजिए।

वकील ने कहा कि छात्र नीट परीक्षा सही तरीके से कराने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में सुधार जैसे अहम मुद्दे उठा रहे हैं। इस पर सीजेआई ने उनकी बात बीच में रोकते हुए कहा - 'बहुत-बहुत धन्यवाद।' जब वकील ने कहा कि पुलिस की ज्यादती दिखाने वाले वीडियो मौजूद हैं, तो सीजेआई ने कहा, हमें वीडियो में दिलचस्पी नहीं है। हमारे पास वीडियो देखने का समय नहीं है। याचिका में दावा किया गया था कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से आयोजित प्रदर्शन में पुलिस ने छात्रों पर बल प्रयोग किया। इसमें शीर्ष कोर्ट से तत्काल दखल देने का आग्रह किया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार किया। कोर्ट ने इस याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की मांग को स्वीकार नहीं किया।



## संसद में पीएम मोदी से मिले शरद पवार और सुप्रिया सुले

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद परिसर में मुलाकात की। इस मुलाकात को मौजूदा राजनीतिक हालात और छात्रों के मुद्दों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। इससे पहले शरद पवार और सुप्रिया सुले मंगलवार को जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



## मौसम की मारः मानसून की बारिश में हीराकुंड डैम लबालब

# उत्तर से ओडिशा तक मचा हाहाकार

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मानसून ने भारी तबाही मचाई है। असम में बाढ़ से 21 और लोगों की मौत के साथ 5.64 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। जम्मू-कश्मीर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल और उत्तराखंड में भी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

असम में मानसूनी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। राज्य के एक बड़े हिस्से में जलप्रलय जैसे हालात बन गए हैं, जहां चारों तरफ केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है और हर तरफ तबाही का मंजर है। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ से स्थिति बेहद खराब है। आधिकारिक आकड़ों के अनुसार, मंगलवार को राज्य में 21 और लोगों की मौत हो गई। राज्य के 16 जिलों में 5.64 लाख से अधिक लोग इस आपदा से प्रभावित हैं।

बाढ़ से प्रभावित जिलों में गोलाघाट, कामरूप, होजाई, डिब्रूगढ़, विश्वनाथ, धेमाजी, शोणितपुर, उदलगुड़ी, नगांव, चराईदेव, कामरूप (मेट्रो), जोरहाट, तिनसुकिया, कार्बी आंगलोंग, लखीमपुर और शिवसागर शामिल हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत सामग्री गिराकर पहुंचाई जा रही है। बाढ़ के पानी ने 44 राजस्व सर्किलों के तहत आने वाले 872 गांवों को डुबो दिया है। इसके अलावा 24,210.35 हेक्टेयर फसल क्षेत्र पूरी तरह जलमग्न हो गया है, जिससे खेती को भारी नुकसान हुआ है।







वहीं जम्मू-कश्मीर के बड़े हिस्सों में मंगलवार को मूसलाधार बारिश हुई, जिससे नदियां और नाले उफान पर आ गए। पानी लोगों के घरों में घुस गया और कई दुकानें तथा वाहन पानी के तेज बहाव में बह गए। कठुआ जिले में एक नदी से दो लोगों को सुरक्षित निकाला गया। पूरे जम्मू क्षेत्र में व्यापक जलभराव दर्ज किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों से सैकड़ों लोगों को बचाकर सुरक्षित निकाला गया है और कई लोग राहत केंद्रों में शरण लिए हुए हैं। मंगलवार को मूसलाधार बारिश के बाद नाले का जलस्तर बढ़ गया, जिससे बडगाम जिले में उफनती बाढ़ के पानी में कई दुकानें बह गईं। इसके अलावा कश्मीर घाटी के कई इलाकों में बारिश हुई, जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे कई जल निकायों का जलस्तर बढ़ गया।

**नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में तबाही और नए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र**

नागालैंड के मोन जिले में लगातार बारिश के कारण आई अचानक बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। मंगलवार को पांच और शव बरामद किए गए, जबकि चार लोग अभी भी लापता हैं और उनके लिए खोज तथा बचाव अभियान जारी है। राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, लगातार हो रही बारिश ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इससे बुनियादी ढांचे, कृषि भूमि और सार्वजनिक सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नुकसान का दायरा और भ बढ़ सकता है। नागालैंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार, राज्यभर में बढ से करीब 7,460 लोग प्रभावित हुए हैं और 10 जिलों के 93 गांवों में 64 आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

हिमाचल प्रदेश में बादल फटा, स्कूल-कॉलेज बंद और राष्ट्रीय राजमार्ग ठप

वहीं हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के कारण छह मकान बह गए, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था, जिसे देखते हुए मंगलवार को कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखे गए। रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण अधिकारियों ने शिमला के थियोग, चंबा के सलूणी और कुल्लू जिले के निरमंड में भी सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिया। किन्नौर जिले में दो स्थानों पर भूस्खलन के बाद पुराना हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 5) वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह बंद हो गया।

### उत्तराखंड में चारधाम यात्रा दोबारा शुरू

उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के कारण एहतियात के तौर पर अस्थायी रूप से रोकी गई चारधाम यात्रा मंगलवार को दोबारा शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने यात्रा मार्गों की समीक्षा करने के बाद इसे फिर से शुरू करने का फैसला लिया। इसके अलावा, बारिश में क्षतिग्रस्त होने के बाद बंद हुआ देहरादून-मसूरी मार्ग भी हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए दोबारा खोल दिया गया है।

## वाराणसी-मुंबई सुपरफास्ट के सामने ट्रैक पर मिली लोहे की पाइप

**प्रयागराज।** घूरपूर में वाराणसी से मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर चालक ने अचानक रोक दिया। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही महकमे में भी खलबली मच गई। मौके पर पहुंची आरपीएफ को रेलवे पटरी पर 15 फीट लंबा लोहे की पाइप रखी मिली। यह घटना इरादतगंज- लिंक जंक्शन के बीच दूरी 1344/46 पर रात पौने नौ बजे हुई। अज्ञात व्यक्तियों ने रेलवे ट्रैक पर लगभग पंद्रह फीट लंबा लोहे की पाइप रख दी गई। यह पाइप भीतर से खोखली थी। इसको फ्लैक्स आदि में प्रयाग किया जाता है। यह पाइप ट्रेन के उस स्थान से गुजरने से ठीक कुछ मिनट पहले रखी गई थी। सुपरफास्ट एक्सप्रेस के चालक को ट्रैक पर खतरे का तुरंत आभास हो गया था। पाइप को हटाने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बिना देर किए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को सुरक्षित रोक लिया। ट्रेन लगभग छह मिनट तक उसी स्थान पर रुकी रही। इसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने ट्रैक से रॉड को हटाया।

## 74 साल पहले क्रैश हुए विमान पैन एम का मलबा मिला

**ओमाहा।** करीब 74 साल पहले समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए पैन एम के क्लिपर एंडेवर विमान का मलबा आखिरकार मिल गया है। यह खोज सिर्फ एक पुराने प्लेन के मलबे को ढूंढने तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था से भी जुड़ी हुई है। यही वह दुर्घटना थी, जिसने आज हर उड़ान से पहले यात्रियों को दी जाने वाली सेफ्टी ब्रीफिंग और बेहतर लाइफ जैकेट जैसी व्यवस्थाओं की जरूरत को दुनिया के सामने रखा। इस हादसे के बाद दुनिया में एविएशन से जुड़े कई बड़े नियम बदल गए थे।



यह हादसा गुड फ्राइडे, 1952 को हुआ था। पैन एम का डीसी-4 क्लिपर एंडेवर विमान समुद्र में इमरजेंसी लैंडिंग करने के बाद कुछ ही मिनटों में डूब गया था। जांच में सामने आया कि विमान की पानी पर लैंडिंग के बाद सभी यात्री और क्रू के सदस्य जिंदा थे, लेकिन इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री समुद्र में उतरने से डर रहे थे, उन्हें लाइफ जैकेट नहीं मिल रही थी और क्रू को भी लाइफ राफ्ट या बचाव नौका बाहर निकालने में दिक्कत हुई। इसी अफरा-तफरी के बीच कुछ ही मिनटों में विमान डूब गया। इस हादसे में 52 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 12 यात्री और क्रू के 5 सदस्य किसी तरह बच गए थे। इस विमान को खोजने की शुरूआत 2019 में हुई। शोधकर्ता रस मैथ्यूज का ध्यान इस हादसे की ओर तब गया, जब उन्होंने पढ़ा कि इस विमान का एक लगेज टैग फ्लोरिडा के तट पर बहकर पहुंचा था। इसके बाद उन्होंने इस ऐतिहासिक दुर्घटना पर गहराई से रिसर्च शुरू की।

## ईरान पर लगातार 11वें दिन टूटा अमेरिका का कहर

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने ईरान के खिलाफ लगातार 11वीं रात भी सैन्य कार्रवाई जारी रखते हुए कई अहम सैन्य ठिकानों पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि इस ऑपरेशन में ईरान के सैन्य संचालन केंद्रों, समुद्री सैन्य क्षमताओं, विमान हैंगरों, ड्रोन स्टोरेज सेंटर्स और सैन्य रसद से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया। अपने बयान में कहा कि यह अभियान 21 जुलाई को रात 8:15 बजे पूरा हुआ। इसका उद्देश्य 'स्टेट ऑफ होर्मुज' में गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों को खतरा पहुंचाने की ईरान की क्षमता को और कमजोर करना था।



अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा, '21 जुलाई को रात 8:15 बजे अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के खिलाफ लगातार 11वीं शाम की सैन्य कार्रवाई सफलतापूर्वक पूरी की।' अमेरिकी सेना ने दावा किया कि पिछले 3 महीनों में ईरान ने स्टेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले 30 से अधिक कमर्शियल जहाजों पर हमले किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इन हमलों को 'बिना किसी उचित कारण के' बताया और कहा कि इससे सैकड़ों नागरिक नाविकों की सुरक्षा खतरे में पड़ी तथा समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही प्रभावित हुई। बता दें कि होर्मुज पर नियंत्रण को लेकर लगातार अलग-अलग दावे सामने आते रहे हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।**
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com **प्रबंधन समूह- नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल जॉली, प्रो पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी।**
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
बुधवार, 22 जुलाई, 2026



# फिरोजाबाद में मालगाड़ी डिरेल, परिचालन प्रभावित

## टूंडला-दिल्ली समेत आठ ट्रेनें रद्द

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** उत्तर रेलवे के साहिबाबाद स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने (डिरेलमेंट) के कारण रेल संचालन प्रभावित हो गया है। इस घटना के चलते परिचालन दबाव और ट्रेनों की आवाजाही में बाधा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने 22 जुलाई को चलने वाली आठ पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि रद्द की गई ट्रेनों में 64601 अलीगढ़-दिल्ली, 64103 अलीगढ़-दिल्ली, 64105 अलीगढ़-नई दिल्ली, 64111 खुर्जा-शकूरबस्ती, 64583 टूंडला-दिल्ली, 64109 दनकौर-शकूरबस्ती, 64586 हाथरस-हाथरस किला और 64581 हाथरस किला-दिल्ली शामिल हैं।

रेलवे के इस निर्णय का असर फिरोजाबाद, टूंडला, अलीगढ़ और हाथरस क्षेत्र के हजारों दैनिक यात्रियों पर पड़ेगा। नौकरीपेशा लोग, छात्र और अन्य यात्रियों को अब यात्रा के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ सकता है।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन की वर्तमान स्थिति रेलवे पूछताछ सेवा 139 या एनटीईएस के माध्यम से अवश्य जांच लें। रेलवे ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया है।

## मेले में रोडवेज की चलेंगी 1100 बसें

**मथुरा** एनएनआई। मुड़िया पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन के लिए परिवहन निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मेले में करीब 1100 रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा। ये बसें तकनीकी मानकों पर खरा उतरने के बाद ही चलेंगी। इसके लिए आगरा, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ परिक्षेत्र की कार्यशालाओं में बसों की फिटनेस की जांच की जा रही है। मेला में संचालित होने वाली बसों के ब्रेक, टायर, स्टीयरिंग, लाइट, वाइपर, इंजन और अन्य सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच की जा रही है। निगम की जिन बसों में तकनीकी खामी मिलेंगी उन्हें मरम्मत के बाद ही बेड़े में शामिल किया जाएगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कमल किशोर आर्य ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में बिना फिटनेस वाली बसों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। मेले के लिए आगरा से 250, इटावा से 150, अलीगढ़ से 150, गाजियाबाद से 150, मेरठ से 100, बरेली से 100 और मुरादाबाद से 100 बसों का मंगवाया गया है।

## मुड़िया पूर्णिमा मेला 2026

## श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम, 24 घंटे सक्रिय रहेंगी मेडिकल टीमें

एनएनआई

**मथुरा।** राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने श्रद्धालुओं की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। सीएमओ डॉ. राधावल्लभ ने 23 से 30 जुलाई तक गोवर्धन और आसपास के प्रमुख स्थलों पर 23 अस्थायी चिकित्सा केंद्रों पर 50 से अधिक स्वास्थ्य टीमें तैनात की हैं। ये टीमें 24 घंटे श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएंगी।



मेला व्यवस्था प्रभारी डॉ. भूदेव ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अस्थायी चिकित्सा सहायता शिविर स्थापित किए गए हैं। इन शिविरों पर चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह आठ से रात आठ बजे तक और दूसरी पाली रात आठ से सुबह आठ बजे तक रहेगी।

गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के जमुनावता नहर, गोवर्धन रोडवेज बस अड्डा, दानघाटी कन्या विद्यालय, कुसुम सरोवर, मानसी गंगा, गोवर्धन रेलवे स्टेशन और राधाकुंड पुलिस चौकी सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। इसके अलावा गोकुल, महावन और मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य टीमें तैनात रहेंगी।

# दो बच्चों की डूबने से मौत, पानी से भरे टब और बंबा में गिरे

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** दो अलग-अलग घटनाओं में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। एक बच्चा घर में रखे पानी के टब में डूबा, जबकि दूसरे की नहर में गिरने से जान चली गई। ये घटनाएं मंगलवार रात 8 बजे के आसपास हुईं।

पहली घटना थाना उत्तर क्षेत्र के नगला बड़ा मिर्जा में सामने आई। यहां मनीष कुमार के डेढ़ वर्षीय बेटे हरसू की घर में रखे पानी के टब में डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि परिवार में गमी होने के कारण रिश्तेदार घर पर जमा थे।खेलते समय हरसू आंगन के कोने में रखे पानी से भरे टब में गिर गया।

काफी देर तक दिखाई न देने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, तो वह टब में डूबा मिला। उसे तुरंत सरकारी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव घर ले गए। इंस्पेक्टर संजीव दुबे ने बताया कि इस मामले में पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई है। दूसरी घटना जसराना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में हुई। किसान राजेश कुमार का तीन वर्षीय बेटा मोहित घर के पास खेलते हुए नूहराज बहा के बंबा (नहर) किनारे पहुंच गया। पैर फिसलने से मोहित बंबा में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

अन्य बच्चों के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चे को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि बंबा की वर्षों से सफाई नहीं हुई और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं किए गए। सूचना मिलने पर सीओ जसराना प्रेम प्रकाश पांडेय और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दिल्ली से आगरा तक सफर होगा ज्यादा सुरक्षित

## हर किलोमीटर पर लगेंगे कैमरे, कंट्रोल रूम से रखी जाएगी नजर

एनएनआई

**आगरा/मथुरा।** दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने व्यापक योजना तैयार की है। बदरपुर बॉर्डर से आगरा तक 184 किलोमीटर लंबे हाईवे की निगरानी के लिए 184 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक किलोमीटर पर एक कैमरा लगाया जाएगा, जिससे हाईवे पर होने वाली गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सकेगी।



हाईवे पर कैमरों की मदद से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य घटनाओं की निगरानी की जाएगी। कैमरों की निगरानी के लिए महुअन टोल प्लाजा और कोटवन टोल प्लाजा पर अत्याधुनिक नियंत्रण केंद्र बनाए जाएंगे। यहां से हाईवे के विभिन्न हिस्सों पर लगे कैमरों की लगातार निगरानी की जाएगी। किसी भी दुर्घटना या आपात स्थिति में संबंधित टीमों को तत्काल सूचना देकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया जा सकेगा।

एनएचएआई की योजना के तहत हाईवे के प्रवेशद्वारों पर बड़ी सूचना स्क्रीन भी लगाई जाएंगी। इन स्क्रीन के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात, मौसम, सड़क की स्थिति, दुर्घटना, जाम और अन्य जरूरी सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे वाहन चालकों को आगे की स्थिति की जानकारी समय रहते मिल सकेगी और वे अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकेंगे।

अधिकारियों के अनुसार हाईवे पर बढ़ते यातायात और सड़क सुरक्षा की जरूरतों को देखते हुए यह व्यवस्था महत्वपूर्ण साबित होगी। कैमरों की निगरानी से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं की स्थिति में राहत कार्य भी तेजी से शुरू किया जा सकेगा। हाईवे पर आधुनिक निगरानी व्यवस्था लागू होने से दिल्ली से आगरा के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों को सुरक्षा और सुविधा का लाभ मिलेगा।

एसपी ट्रेफिक मथुरा राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस और एनएचएआई अधिकारियों ने साथ बैठकर हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना तैयार की है। इसके लिए एनएचएआई ने एक निजी कंपनी को कैमरे लगाने का कार्य सौंप दिया है। जल्द ही कंपनी के कर्मचारी कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर देंगे।

**82 किलोमीटर लंबा हाईवे है मथुरा की सीमा में**

बदरपुर बार्डर से आगरा तक 184 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग में 82 किलोमीटर का हिस्सा मथुरा सीमा में आता है। इसी सीमा के अंदर महुअन टोल प्लाजा है। यहां अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष बनेगा। इसके जरिए सभी कैमरों पर नजर रखी जाएगी। जल्द ही कैमरे लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। कुछ स्थानों पर स्क्रीन लगाने का कार्य किया जा रहा है।

**एक कैमरे करेगा 500 मीटर की दूरी कवर**

हाईवे पर लगने वाला एक कैमरा 500 मीटर दूरी तक सड़क पर नजर रखेगा। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक किलोमीटर पर एक कैमरा लगाया जाएगा। इसके साथ ही प्रमुख तिराहे और चौराहों पर बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी। इस स्क्रीन पर वाहन चालकों को सड़क खराब होने, जाम लगने समेत अन्य जानकारी दी जाएगी।




# आगरा को 600 करोड़ की सौगात देंगे सीएम योगी

## 25 जुलाई को करेंगे योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

# सपा का बिजलीघर चौराहे पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को आगरा के बिजलीघर चौराहे पर सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हुए तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने अखिलेश यादव की गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताते हुए सरकार की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और पार्टी जनहित के मुद्दों पर अपना आंदोलन जारी रखेगी। प्रदर्शन को देखते हुए बिजलीघर चौराहे और आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रहे ताकि कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो। प्रदर्शन के कारण बिजलीघर चौराहे सहित आसपास के मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास जारी रहा तो पार्टी प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी। वहीं पुलिस की मौजूदगी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।







एनएनआई

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर आगरा आ रहे हैं। पहले दिन मुख्यमंत्री 600 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। रात में सर्किट हाउस में रुकेंगे। 26 जुलाई को आंबेडकर विश्वविद्यालय के सभागार में कैशलेस योजना का शुभारंभ करेंगे।

सीएम के आगमन को देखते हुए मंगलवार से तैयारी शुरू हो गई। डीएम मनीष बंसल ने कोठी मीना बाजार मैदान सहित अन्य जनसभा के स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

**सर्किट हाउस में रात में रुकेंगे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जुलाई की शाम चार बजे खेरिया एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे जनसभा स्थल पहुंचेंगे जहां मुख्यमंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सेतु निगम सहित अन्य विभाग की 600 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम दो घंटे तक चलेगा फिर सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री मुलाकात करेंगे।

**26 जुलाई को कैशलेस योजना का करेंगे शुभारंभ**

26 जुलाई को खंदारी कैंपस स्थित शिवाजी मंडपम सभागार में कैशलेस योजना का शुभारंभ करेंगे। सीएम के आगमन को देखते हुए मंगलवार दोपहर दो बजे डीएम मनीष बंसल ने जीआइसी मैदान, कोठी मीना बाजार मैदान, टाटा ग्राउंड फतेहाबाद रोड, विश्वविद्यालय स्थित शिवाजी मंडपम सभागार का निरीक्षण किया।

**डीएम ने स्थलों का किया निरीक्षण, बैठक भी की**

संबंधित अधिकारियों के साथ पार्किंग स्थल सहित अन्य पर चर्चा की गई फिर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशुरानी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों और सामाजिक सरोकारों को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो 90.4 आगरा की आवाज से संबंधित डाक्यूमेंट्री प्रस्तुत की जाएगी। इसमें विश्वविद्यालय की विकास यात्रा और सामाजिक योगदान की झलक होगी।

डीएम मनीष बंसल ने बताया कि मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर 25 जुलाई की शाम चार बजे आएंगे। 26 जुलाई की दोपहर एक बजे तक रहेंगे।

**सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू**

बरसात के बीच नगर निगम प्रशासन ने सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री एमजी रोड से होकर खंदारी पहुंचेंगे या फिर यमुना किनारा रोड से होकर। इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। दोनों ही सड़कों में जो भी गड्ढे हैं। उन्हें भरा जा रहा है।

**मेट्रो का नहीं होगा लोकार्पण**

25 जुलाई को मुख्यमंत्री मेट्रो के पांच स्टेशनों का लोकार्पण नहीं करेंगे। इस परियोजना को इससे अलग रखा गया है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# शाही तालाब में डूबने से नगर पालिका के संविदा कर्मी ने मौत



एनएनआई

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी कस्बे के ग्वालियर दरवाजे के बाहर स्थित प्राचीन शाही तालाब में बुधवार को नगर पालिका के एक संविदा कर्मी की डूब कर मौत होने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकालकर सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मोहल्ला गौरपाड़ा निवासी विनोद पुत्र कांता के रूप में हुई है। वह नगर पालिका में संविदा पर तैनात था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सीकरी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और विनोद को तालाब से बाहर निकालकर सीएचसी ले गई। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वही जानकारी होते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, परिजनों ने बताया कि विनोद सुबह करीब 10 बजे के बाद घर से निकला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मेरी गलती थी उससे प्यार किया

## वीडियो बनाकर युवक ने किया सुसाइड, कहा- पत्नी को घर भेज देना

एनएनआई



**आगरा।** रकाबगंज थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह कुतुलुपुर में मंगलवार को एक युवक ने घर में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने मोबाइल फोन पर वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें अपने माता-पिता से माफी मांगने के साथ ही पत्नी और उसके परिजनों को किसी भी तरह से परेशान न करने की अपील की। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने प्राथमिक जांच के के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रकाबगंज थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र के ईदगाह कुतुलुपुर निवासी सोनू (21) पुत्र धरम सिंह ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया था। वीडियो में सोनू ने कहा कि उसने शराब पी रखी है। उसकी पत्नी अपने मायके जाकर अपनी जिंदगी अच्छे से जिए। उसे अपनी पत्नी से कोई शिकायत नहीं है और जो भी गलतियां हुईं, उनकी जिम्मेदारी वह स्वयं लेता है। उससे कोई कुछ न कहे, गलती मेरी थी जो मैंने शादी की, मैंने प्यार किया। उसकी सजा मुझे ही मिलनी चाहिए, उसे नहीं, न उसके घरवालों को कुछ कहना, न किसी और को। मेरे मरने के बाद पत्नी को घर भेज देना। युवक ने अपने माता और पिता से भी माफी मांगी। रकाबगंज थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह और मानसिक तनाव की वजह से आत्महत्या की बात सामने आ रही है। आत्महत्या की वास्तविक वजह जानने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जिसमें उसके मोबाइल में मिले वीडियो की भी जांच की जा रही है।

परिजनों के अनुसार सोनू ने बीती फरवरी में ही प्रेम विवाह किया था। शादी के करीब पांच महीने बाद उसने आत्महत्या जैसा दुस्साहिक कदम उठाया है। सोनू जूते की दुकान पर काम करता था।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
NNI हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 22 जुलाई, 2026


# नगर आयुक्त के समक्ष पार्षदों ने रखीं शहर की समस्याएं

**जलभराव, सफाई व्यवस्था, लंबित निर्माण कार्यों व परिक्रमा मार्ग के मुद्दों पर हुई चर्चा**



एनएनआई

**आगरा।** शहर के विभिन्न वार्डों की समस्याओं को लेकर शहर के पार्षदों ने नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य से नगर निगम कार्यकारिणी हाल में बैठक की। पार्षदों ने नगर आयुक्त को बताया, बारिश के दौरान कई इलाकों में जलभराव की समस्या गंभीर बनी हुई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा विकास कार्यों में तेजी लाने की भी मांग की गई। इस दौरान जलभराव, सफाई व्यवस्था, लंबित निर्माण कार्यों और सावन माह में परिक्रमा मार्ग की मरम्मत सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।पार्षदों ने कहा-शहर में कई विकास कार्यों की फाइलें टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने के कारण लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। वहीं, कुछ स्थानों पर टेंडर होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सके हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने नगर आयुक्त से इन कार्यों को शीघ्र शुरू कराने की मांग की।नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने पार्षदों को आश्वस्त करते हुए कहा-वर्तमान में नगर निगम की पहली प्राथमिकता जलभराव की समस्या का समाधान करना है।

सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षदों द्वारा कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग पर नगर आयुक्त ने कहा, नगर निगम उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करेगा। जिन क्षेत्रों में आवश्यकता से अधिक सफाई कर्मचारी तैनात हैं, वहां से उन्हें हटाकर उन वार्डों में भेजा जाएगा जहां कर्मचारियों की कमी है। इससे सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा।

# दीक्षांत समारोह बनेगा शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का प्रेरक उत्सव

- सभी समितियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के 92वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से पालीवाल पार्क परिसर स्थित कुलपति सचिवालय के बृहस्पति भवन में कुलपति प्रोफेसर आशु रानी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 3 अगस्त को आयोजित होने वाले 92वें दीक्षांत समारोह एवं उससे पूर्व आयोजित किए जा रहे दीक्षोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी समितियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए गए। कुलपति प्रोफेसर आशु रानी ने निर्देश दिए कि दीक्षोत्सव के अंतर्गत जन भवन से निर्देशित सभी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का समग्र विवरण संकलित करते हुए एक आकर्षक बुकलेट तैयार की जाए तथा उसे समारोह स्थल पर प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी परिसरों, संस्थानों एवं विभागों में संचालित स्वच्छता अभियान को निरंतर गति देने पर बल देते हुए कहा कि पूरा विश्वविद्यालय परिसर दीक्षांत समारोह के अनुरूप स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक स्वरूप में दिखाई देना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल के 10 विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'पेड़ बचाओ' विषय पर गीत, अभिनय एवं नृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा लोकनृत्य की भी मनोहारी प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा संकलित 100 पुस्तकों का सेट छोटे बच्चों को अध्ययन हेतु भेंट किया जाएगा तथा आगरा एवं इटावा जनपद की आंगनबाड़ियों के लिए लगभग 600 आंगनबाड़ी किट वितरित की जाएंगी।

# योगी सरकार का बड़ा फैसलाः नए लिंक एक्सप्रेस वे से आगरा को सीधा फायदा

**पूर्वी यूपी व बिहार से होगी कनेक्टिविटी, आगरा के यात्रियों को लखनऊ के जाम से मिलेगी मुक्ति**

- 12,264 करोड़ का बजट स्वीकृत, 36 महीने में बनकर तैयार होंगे दो नए लिंक एक्सप्रेस वे
- व्यापार व पर्यटन को मिलेगी रफ्तार, नए औद्योगिक गलियारों से आगरा में सृजित होंगे रोजगार के अवसर

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी के लोगों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रगति का बड़ा द्वार खोल दिया है। राज्य में सड़कों और कनेक्टिविटी के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए योगी सरकार ने प्रदेश के प्रमुख एक्सप्रेस वे- आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल और गंगा एक्सप्रेस वे को आपस में जोड़कर एक एकीकृत 'एक्सप्रेस वे ग्रिड' बनाने का निर्णय लिया है। इस योजना का सबसे बड़ा सीधा लाभ आगरा के निवासियों, कारोबारियों और पर्यटकों को मिलेगा, जिनकी पूर्वी यूपी, बिहार, पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड तक की राह अब बेहद आसान और निर्बाध हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 12,264.58 करोड़ की लागत से बनने वाले दो नए 06-लेन (08-लेन विस्तारणीय) ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु निविदा प्रपत्र (आरएफपी) को मंजूरी दी गई।

योगी सरकार द्वारा स्वीकृत इस योजना के तहत दो महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे 06-लेन (जो भविष्य में 08-लेन तक विस्तारणीय होंगे) बनाए जाएंगे। आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे लिंक होगा। इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 50.98 किलोमीटर होगी और इसके निर्माण पर 4,775.84 करोड़ की लागत का अनुमान है।वहीं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस वे लिंक (वाया फरुखाबाद) होगा। इसकी कुल लंबाई 90.838 किलोमीटर होगी और इसके निर्माण पर 7,488.74 करोड़ का व्यय होगा।

इन दोनों प्रोजेक्ट्स का निर्माण ईपीसी मोड पर किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद विकासकर्ता का चयन किया जाएगा, जिसके बाद 36 महीने (तीन साल) की समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद चयनित कंपनी अगले 5 वर्षों तक इनके रखरखाव और अनुरक्षण का काम संभालेगी।

**एक्सप्रेस वे ग्रिड से आसान होगा प्रदेश का सफर**

वर्तमान में आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेसवे राज्य के अलग- अलग हिस्सों को जोड़ते हैं। हालांकि इन तीनों के बीच सीधे जुड़ाव की कमी थी। नए लिंक एक्सप्रेस वे बनने से प्रदेश में एक्सप्रेस वे का एक एकीकृत नेटवर्क तैयार होगा। इससे यात्रियों को एक एक्सप्रेस वे से दूसरे पर जाने के लिए शहर के भीतर की भीड़भाड़ वाली सड़कों से नहीं गुजरना पड़ेगा। परिणामस्वरूप सफर न केवल तीव्रगामी और सुरक्षित होगा, बल्कि समय और ईंधन दोनों की भारी बचत होगी।

## आगरा के लोगों को मिलेगा इसका सीधा लाभ

आगरा के निवासियों और व्यवसायियों के लिए यह फैसला किसी सौगात से कम नहीं है।

**पूर्वी यूपी और बिहार तक सीधी और आसान पहुंच**



आगरा से पूर्वांचल (गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर) या बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों को अब लखनऊ शहर के जाम में फंसे बिना पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का सीधा लिंक मिल जाएगा।

**अमूल्य कक्कड़, अध्यक्ष, टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा**

**रोजगार के नए अवसर**



इन परियोजनाओं के निर्माण और उसके बाद एक्सप्रेस वे के आसपास औद्योगिक गलियारे विकसित होने से आगरा और आसपास के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों नए रोजगार सृजित होंगे।

**राकेश गर्ग, अध्यक्ष, उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड**

**पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा**



आगरा के हस्तशिल्प, पेठा उद्योग और जूता उद्योग के व्यापारियों को अपने उत्पाद राज्य के अन्य हिस्सों और राज्यों तक भेजने में कम समय और लागत लगेगी। साथ ही आगरा आने वाले पर्यटकों के लिए आवागमन और आसान होगा।

**मुकेश कुमार गर्ग, महासचिव, आगरा महानगर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन**

**मेरठ और उत्तराखंड से बेहतर कनेक्टिविटी**



फरूखाबाद होकर गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के कारण आगरा का संपर्क मेरठ, हापुड़ और पश्चिमी यूपी के अन्य प्रमुख शहरों से भी तेज हो जाएगा।

**नेहा शिवहरे, स्थानीय निवासी**

# युवाओं को पोर्टल से जोड़ने के लिए जागरूक करेगा प्रशासन

एनएनआई

**आगरा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (नगर) यमुना धर चौहान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जनपद आगरा में पोर्टल पर युवाओं के पंजीकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करना तथा विभिन्न विभागों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को पोर्टल से जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) यमुना धर चौहान ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों को पोर्टल पर पंजीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझाई।




उन्होंने सभी प्रतिभागियों से संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा अब तक कराए गए पंजीकरणों की जानकारी प्राप्त की तथा जिन संस्थानों में पंजीकरण की गति अपेक्षाकृत कम है, उन्हें अभियान में और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को 'माई भारत' पोर्टल से जोड़कर उन्हें भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न युवा कार्यक्रमों, स्वयंसेवी गतिविधियों, कौशल विकास, नेतृत्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अवसरों का लाभ दिलाया जाए।

# जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प



- भूजल सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को जल संरक्षण का दिया गया संदेश

एनएनआई

**आगरा।** भूजल सप्ताह के छठे दिन भूजल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग एवं भूजल संसाधनों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए फतेह चंद इंटर कॉलेज, लोहा मंडी में भूगर्भ जल विभाग द्वारा भूजल गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अवधेश कुमार भारस्कर, हाइड्रोलॉजिस्ट द्वारा विभिन्न वर्गों के छात्रों को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया गया कि भूजल संसाधन वर्तमान में अनियन्त्रित दोहन के परिणाम स्वरूप दबाव की स्थिति में हैं। वर्तमान में भूजल का संरक्षण व संचयन महती आवश्यकता ही नहीं बल्कि अनिवार्यता भी बन गयी है। इस वर्ष भूजल सप्ताह आयोजन के मुख्य विचार बिन्दु 'जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प' के दृष्टिगत उपस्थित छात्र-समूह से जल संरक्षण के छोटे-छोटे उपायों को अपनाकर जल संचयन का आह्वान किया गया तथा भूजल संचयन पर लघु प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, निबन्ध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# गुरुद्वारा में प्लांट लवर्स संस्था ने किया वृक्षारोपण

### पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**आगरा (एनएनआई)।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्लांट लवर्स संस्था की संस्थापक ऋतु गोयल एवं संजय कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में गुरुद्वारा गुरु का ताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने मिलकर 100 से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने पौधारोपण के साथ-साथ इन पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। संस्थापक ऋतु गोयल ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। ऐसे प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। इस अवसर पर श्रुति सिन्हा, आर. के. कपूर, रचना कपूर, साक्षी शर्मा, पीयूष गर्ग, अखिलेश पांडे, कुमुद पांडे, वंदना परिहार, नन्द नन्दन गर्ग, नीनू गर्ग, डॉ. कल्पना पोरवाल, रेखा रानी एवं रजनी भटनागर, आशीष, रेनू अग्रवाल* सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।

# गुप्त नवरात्र की अष्टमी पर मां पीतांबरा की आराधना

### रात्रि हवन में दी गई बगलामुखी के मंत्रों की आहुति



एनएनआई

**आगरा।** गुप्त नवरात्र के पावन पर्व पर प्राचीन सीताराम मंदिर, वजीरपुरा में आयोजित नौ दिवसीय विशेष रात्रि हवन एवं मां भगवती की आराधना का क्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ जारी है। अष्टमी तिथि पर मां पीतांबरा (बगलामुखी) की विशेष पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विधि-विधान से आहुतियां अर्पित कीं और परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता तथा शत्रु बाधाओं से रक्षा की कामना की। मंदिर के महंत अनंत उपाध्याय ने कहा कि गुप्त नवरात्र साधकों और शक्ति उपासकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस अवधि में की गई देवी आराधना, जप, तप, हवन और साधना का फल कई गुना बढ़कर प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि गुप्त नवरात्र आत्मशुद्धि, आध्यात्मिक उन्नति और देवी कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर हैं, इसलिए श्रद्धालुओं को पूर्ण श्रद्धा और नियमपूर्वक मां आदिशक्ति की उपासना करनी चाहिए। महंत अनंत उपाध्याय ने अष्टमी तिथि का महत्व बताते हुए कहा कि इस दिन मां पीतांबरा अर्थात मां बगलामुखी की आराधना का विशेष विधान है। मां बगलामुखी दशमहाविद्याओं में आठवीं महाविद्या मानी जाती हैं और इन्हें शत्रुओं का स्तंभन करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। उनकी कृपा से साधक को साहस, आत्मविश्वास, वाणी में प्रभाव, न्यायिक कार्यों में सफलता तथा विरोधियों पर विजय प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि मां की उपासना सदैव धर्म, सत्य और लोककल्याण की भावना से करनी चाहिए। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, हर्षवर्धन पाठक, मुकेश शर्मा, अरुण उपाध्याय, मनोज अग्रवाल, हनी, बॉबी, डॉ. संजीव नेहरू आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### दिल्ली में राहुल-प्रियंका और अखिलेश को हिरासत में लेने पर ताजनगरी में आक्रोश

# कांग्रेस-सपा का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन






एनएनआई

**आगरा।** दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की खबर के बाद आगरा में कांग्रेस और सपा कार्यकर्ताओं का का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। जमकर प्रदर्शन किया गया और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की जोरदार मांग की गई। पुलिस से इनकी नोकझोंक भी हुई।

**सपाइयों ने फतेहाबाद रोड पर किया प्रदर्शन**

मंगलवार शाम को बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता फतेहाबाद रोड पर उतर आए और सड़क जाम कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने वसई पुलिस चौकी का घेराव भी किया। पुलिस के समझाने पर कुछ देर तक नोकझोंक की स्थिति बनी रही। प्रदर्शनकारियों ने अखिलेश यादव की तत्काल रिहाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई।

शाम को फतेहाबाद रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद सभी जुलूस के रूप में फतेहाबाद रोड पर पहुंचे और सड़क पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को सड़क खाली करने के लिए समझाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। हालांकि बाद में पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने मांग की कि अखिलेश यादव को तत्काल रिहा किया जाए। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की भी मांग की गई।



**सरकार को सद्बुद्धि देने किया हनुमान चालीसा का पाठ**

आगरा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के डिटेन एवं युवा छात्रों पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज के विरोध में और केंद्र सरकार को सद्बुद्धि के लिए सपा नेताओं ने दक्षिण मुखी हनुमान जी का मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल ने छात्रों पर लाठीचार्ज को लोकतंत्र की हत्या बताया। उनके साथ सपा व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, सतीश चाहर, गौरव यादव विनीत यादव सुशील गुप्ता संजय अग्रवाल गौरव वाल्मीकि अनु यादव आदि थे।

सपा नेता देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही है। उनका कहना था कि अखिलेश यादव छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन में शामिल होने गए थे, लेकिन उन्हें हिरासत में लेना लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ और तानाशाहीपूर्ण कदम है। प्रदर्शन में सपा नेत्री ममता टपलू भी बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं के साथ शामिल हुईं। महिलाओं ने भी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन में भाग लिया।

**कांग्रेस ने दिया धरना**

वहीं कांग्रेस का भी गुस्सा फूटा। दिल्ली में अनशन पर बैठने वालों में कांग्रेस के सीनियर नेताओं के अलावा प्रतिपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल थी। पुलिस ने अन्य कांग्रेसियों के साथ उन्हें भी हटाए जाने का प्रयास किया। वे सड़क पर लेट गए। और पुलिस के प्रयासों को विफल करने में जुटे रहे। बावजूद इसके उन्हें प्रियंका गांधी सहित गिरफ्तार कर लिया।

आगरा महानगर कार्यालय राजा की मंडी से कांग्रेसी जैसे ही आगे बढ़े वैसे ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जिसे लेकर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच में धक्का मुक्की हुई। दो घंटे तक चले प्रदर्शन को रिहाई की जानकारी होने पर खत्म किया गया।

उनकी गिरफ्तारी की जानकारी होते ही कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अमित सिंह ने विरोध जताने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को महानगर कार्यालय बुलाया। सैकड़ों की संख्या में जमा हुए कांग्रेसी भाजपा विरोधी नारेबाजी करते हुए राजा की मंडी चौराहा की ओर बढ़ ही रहे थे कि उन्हें पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों में तकरार हुई। कई थानों का फोर्स वहां पहुंचा। आक्रोशित कांग्रेसियों को पुलिस ने आगे नहीं बढ़ने दिया। वहीं सपाइयों का भी जमावड़ा शुरू हो गया है।

## वंस मोर सीजन-4 में पहुंची डॉ. मुक्ता सिकरवार

एनएनआई

**आगरा।** सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ मुक्ता सिकरवार के काव्य-पाठ को मिली जाने-माने कवियों की सराहना

आगरा। दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के चर्चित कार्यक्रम वंस मोर सीजन- 4 कवि सम्मेलन में बाराबंकी ,ललितपुरऔर सीतापुर के साथ आगरा भी चमका। आगरा की सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ मुक्ता सिकरवार के काव्य-पाठ को देश के जाने-माने कवियों की सराहना मिली।

राम शब्द बेनूर के निर्देशन और संयोजन तथा जाने-माने गीतकार श्री प्रियांशु गजेन्द्र के बेहतरीन संचालन में आगरा की सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ मुक्ता सिकरवार को भी काव्य पाठ करने का सुअवसर मिला। एक से एक खूबसूरत मुतकों के बाद डॉ



मुक्ता की गजल सबके दिलों पर छा गयी। इनके साथ ललितपुर से आये हिमांशु पाण्डेय और सीतापुर से आये जगजीवन मिश्र ने भी अपने काव्य-पाठ से सबको भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का प्रसारण 27 जुलाई, सोमवार को शाम 7:30 बजे केवल डीडी यूपी पर किया जाएगा।

## सम्प्रेक्षण गृह के किशोरों के सर्वांगीण विकास को लेकर बनी संयुक्त कार्ययोजना

एनएनआई

**आगरा।** पंकज कुमार-प्रथम, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा कुलपति आशु रानी डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के विश्राम कक्ष में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), आगरा में निवासरत किशोरों के सर्वांगीण विकास एवं पुनर्वास के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों के शैक्षिक, नैतिक, मानसिक, सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि किशोरों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, विधिक जागरूकता, व्यक्तित्व विकास, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा समय-समय पर प्रेरणात्मक कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है।

बैठक के दौरान कुलपति आशु रानी ने विश्वविद्यालय स्तर से हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के माध्यम से विभिन्न विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए किशोरों के शैक्षिक उन्नयन, व्यक्तित्व विकास, करियर मार्गदर्शन, परामर्श (काउंसलिंग) तथा कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर एवं समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के संयुक्त प्रयासों से समय-समय पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), आगरा में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे किशोरों के समग्र विकास को नई दिशा मिल सके।

### मौत के बाद भी नहीं मिली सुकून की दो गज जमीन

# श्मशान घाट पर तिरपाल के नीचे हुआ अंतिम संस्कार

एनएनआई



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी विकासखंड के ग्राम हंसपुरा में श्मशान घाट पर टीनशेड न होने से मंगलवार को बारिश के बीच ग्रामीणों को तिरपाल लगाकर शव का दाह संस्कार करना पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जल्द स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम हंसपुरा निवासी सत्यप्रकाश सक्सैना का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे, लेकिन वहां बारिश से बचाव के लिए टीनशेड की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में ग्रामीणों ने तिरपाल लगाकर चिता को बारिश से बचाया और किसी तरह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई।

ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट पर टीनशेड की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विकास के दावों के बावजूद गांव की मूलभूत सुविधाएं उपेक्षा का शिकार हैं। मानसून की शुरूआत में ही ऐसी स्थिति सामने आने से ग्रामीणों ने आने वाले दिनों में और अधिक परेशानी की आशंका जताई है। समाजसेवी सुनील कुमार पाराशर ने कहा कि किसी व्यक्ति की अंतिम विदाई के समय भी ऐसी अव्यवस्था होना बेहद दुखद है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की इस मूलभूत समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि श्मशान घाट में टीनशेड एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के निर्माण की मांग को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से श्मशान घाट पर जल्द पक्का टीनशेड और आवश्यक निर्माण कार्य कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी परिवार को अंतिम संस्कार के दौरान इस तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# खाद लिए बिना वापस न लौटें पात्र किसान

### बैठक में जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन ने दिए निर्देश



एनएनआई

**बाह।** बारिश के साथ ही किसानों ने बाजरा, तिल की बुवाई की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश के पूर्व केबिनेटमंत्री एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अरिदमन सिंह ने बाह तहसील की 22 सहकारी समितियों के सचिवों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सहकारी समिति से कोई भी पात्र किसान खाद लिए बिना नहीं लौटना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार ने पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता के निर्देश दिए हैं। पिछले साल किसानों को सहकारी समिति के गोदामों के चक्कर काटने पड़े थे। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाए। पात्र किसान को अनावश्यक रूप से परेशान करने वाले सचिव अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएंगे। उन्होंने वितरण की पारदर्शी व्यवस्था अपनाए जाने की हिदायत दी। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरनरायन सिंह भदौरिया, संतोष गहलोत, ध्रुव कुमार शर्मा, नरसिंह भदौरिया, ललित शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, जयदीप भदौरिया, पुलकित भदौरिया, भारत सिंह, अल्केन्द्र जादौन आदि रहे।

## टीके लगवाएं.... पशुओं में दूध की कमी नहीं आएगी

**बाह** एनएनआई। यमुना, चंबल एवं उटंगन नदियों के बीच बसी बाह तहसील के गांव पशु पालन पर आश्रित हैं। बरसात के मौसम में दुधारू गाय और भैंस पर खुरपका, मुंहपका रोग के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। जिससे दुधारू पशुओं में दूध की कमी आ जाती है। बुधवार से 8 सितंबर तक चलने वाले खुरपका, मुंहपका टीकाकरण अभियान की जानकारी देते हुए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाह डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि टीका लगवाने से दुधारू पशुओं में दूध की कमी नहीं आती, गर्भपात का भी खतरा टल जाता है। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर तक चलने वाले टीकाकरण अभियान की शुरूआत बाह के पशु चिकित्सालय से एसडीएम बाह विनोद कुमार करेंगे। 4 महीने से अधिक उम्र के पशुओं के टीके जरूर लगवाएं। बाह, पिनाहट एवं जैतपुर के खंड विकास अधिकारी मुनादी कराकर पशु पालकों को टीकाकरण के लिए जागरुक करेंगे। जबकि पिनाहट की पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवांगी उदैनिया फील्ड टीमों की कमान संभालेंगी। टीमें अभियान में जिन पशुओं के कानों में टैग नहीं लगे हैं, उन्हें टैग लगाकर भारत पशुधन ऐप पर पंजीकरण कराएंगी।

## बाल विवाह की तैयारी पर एएचटीयू और बाल कल्याण समिति का छापा

**पिनाहट** एनएनआई। शिकायत पर मंगलवार को एएचटीयू और बाल कल्याण समिति की टीम ने थाना पिनाहट पुलिस के साथ छापेमारी की। जहां किशोरी के स्वजन द्वारा जन्म संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा पाने की स्थिति में टीम किशोरी और उसकी मां को अपने साथ ले गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव में किशोरी की शादी के लिए बुधवार को फतेहाबाद से बारात आनी थी। किशोरी के पिता की करीब चार वर्ष पूर्व हादसे में मृत्यु हो चुकी है। किशोरी की उम्र करीब 17 वर्ष बताई गई है। प्रभारी निरीक्षक वीपी गिरि ने बताया कि टीम नाबालिग किशोरी को अपने साथ ले गई है।

## बकरी चराने गए किसान की संदिग्ध मौत, परिवार में मचा कोहराम सर्पदंश की जताई जा रही आशंका



**पिनाहट** एनएनआई। बकरी चराने गया किसान खेत में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। स्वजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण संदिग्ध है। वहीं, स्वजन सर्पदंश से मौत की आशंका जता रहे हैं। थाना पिनाहट के गांव विप्रावली निवासी किसान कमल सिंह (30) पुत्र किशनलाल मंगलवार शाम खेत पर बकरी चराने गया था। देर शाम करीब सात बजे तक वह नहीं लौटा तो स्वजन तलाशते हुए खेत पर पहुंचे। जहां खेत की मेड़ पर कमल सिंह बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। स्वजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कमल सिंह की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। स्वजन सर्पदंश से मृत्यु की आशंका जता रहे हैं। कमल सिंह तीन भाई प्रह्लाद और सोनू में सबसे बड़ा था। उसके एक बेटी तात्या (9) और दो बेटे थान सिंह (7) और भूरा (5) हैं। पत्नी सीमा, पिता और माता पूरन देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।



## मन के शुद्धिकरण के लिए सुनें भागवत कथा

**बाह** एनएनआई। पथवारी माता मंदिर बाह पर कलश यात्रा के बाद व्यासपीठ पर विराजमान हुई बाल विदुषी राधा शास्त्री ने प्रवचन किए। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन व्यवहार में अपनाएं एवं आत्मकल्याण करें। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। सभी संशय दूर होते हैं और शांति एवं मुक्ति मिलती है। भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करने का दिव्य माध्यम है।

# भगवान कृष्ण के जीवन, लीलाओं और भक्ति के पहलुओं को उजागर करती हैं श्रीमद्भागवत

एनएनआई

**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित मृदुल वृन्दावन धाम में द भागवत मिशन फाउंडेशन के द्वारा नव-दिवसीय श्रीगुरू पूर्णिमा महोत्सव एवं पूज्य सदुरुदेव जन्मोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है।महोत्सव का शुभारंभ श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवताचार्य आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज, श्रीमज्जगदगुरू श्रीनाभापीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं आचार्य कुटी पीठाधीश्वर जगदुरु स्वामी श्रीरामप्रपन्नाचार्य महाराज आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के चित्रपट के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप प्रज्वलित करके किया।इससे पूर्व श्रीमद्भागवतजी की भव्य कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें पीत वस्त्र पहने सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए साथ चल रही थीं।साथ ही असंख्य भक्त-श्रद्धालु श्रीहरिनाम संकीर्तन करते हुए शामिल हुए।

तत्पश्चात व्यासपीठ पर आसीन श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवताचार्य आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज ने देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के



महात्म्य की कथा श्रवण कराई।

श्रद्धेय मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य में भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दशार्या है। भगवान विष्णु की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाला यह ग्रंथ सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुग्रह, मयार्दा, द्वैत-अद्वैत, निर्गुण-सगुण का ज्ञान प्रदान करता है। वस्तुतः श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अक्षय भंडार है। इसीलिए इस ग्रंथ के श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पापों का क्षय हो जाता है और भगवान की भक्ति सहज में ही प्राप्त होती है।

व्यासपीठाधीन आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा श्रवण करने से बुद्धि शुद्ध होती है, संशय दूर होता है, और हमारे मन को शांति मिलती है। यह कथा आत्मा को सांसारिक बंधनों से मुक्त करके ईश्वर के चरणों में स्थापित करती है इसीलिए इसे मोक्ष का साधन भी कहा जाता है। यह कथा अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान कृष्ण के जीवन, लीलाओं और भक्ति के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती हैं,साथ ही श्रोताओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा प्रदान करती हैं।

महोत्सव में प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी दासबिहारी अग्रवाल, आचार्य किशोर कुमार शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# भाजपा में मजबूत होते नए प्रादेशिक क्षत्रप




अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के जमाने के बड़े क्षत्रपों में से एक नरेंद्र मोदी 12 साल पहले देश के प्रधानमंत्री बन गए। उसके बाद से प्रादेशिक क्षत्रपों की ताकत धीरे धीरे समाप्त हो गई।अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की भाजपा में कई प्रादेशिक क्षत्रप थे। ये क्षत्रप अपने केंद्रीय नेतृत्व का सम्मान तो करते थे लेकिन उनके भरोसे राजनीति नहीं करते थे। अपने प्रदेश की राजनीति में उनका अपना असर होता था। कर्नाटक में बीएस येदियुरप्पा उस जमाने के एकमात्र क्षत्रप हैं, जिन्होंने अभी तक अपनी ताकत बचा कर रखी है। कम से कम इस समय तक भाजपा का सर्वशक्तिशाली केंद्रीय नेतृत्व येदियुरप्पा को माइनस करके कर्नाटक की राजनीति नहीं कर पा रहा है। उनके अलावा बाकी क्षत्रपों का राजनीतिक असर समाप्त हो चुका है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह, राजस्थान में वसुंधरा राजे, हिमाचल प्रदेश में प्रेम कुमार धूमल आदि अब अपने प्रदेश की राजनीति में चीजें निर्धारित नहीं करते हैं। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि भाजपा के नए क्षत्रप उभर रहे हैं। पिछले 12 साल की राजनीति में जिन नेताओं को प्रदेश में महत्व मिला उनमें से कई नेता धीरे धीरे मजबूत हुए हैं और प्रदेश की राजनीति में अपनी पकड़ बनाई है। ऐसे नेताओं के अलावा क्षत्रपों की एक नई पीढ़ी भी तैयार हो रही है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा में पिछले 12 साल में जो प्रादेशिक क्षत्रप मजबूत हुए उनमें पहला नाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का है। उनके अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस हैं, जिन्होंने प्रदेश की राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित किया है। ऐसे ही असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भले कांग्रेस से आए हैं लेकिन भाजपा में और असम की राजनीति में उन्होंने अपने को मजबूती से स्थापित किया है। इन तीन के अलावा भी अब कई नए क्षत्रप उभर रहे हैं, जिनकी राजनीति पर आगे नजर रखने की जरुरत है। ये सब नए मुख्यमंत्री हैं, जो प्रदेश में अपने हिसाब से फैसले कर रहे हैं।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का नाम इसमें सबसे चौंकाने वाला है। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि मोहन यादव पिछले ढाई साल में इतने मजबूत हुए हैं कि प्रदेश के तमाम बड़े नेता चिंता में हैं। वैसे उनको मुख्यमंत्री बनाते समय ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश के बड़े नेताओं नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद सिंह पटेल आदि को किनारे कर दिया था। उमा भारती पहले से किनारे हैं और अब कहा जा रहा है कि मोहन यादव ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की टिकट कटवाई है। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से कहा था कि उनके हिसाब से टिकट दी जाए तो वे पिछली बार हारी दतिया सीट जीत कर देंगे। अगर मोहन यादव उपचुनाव में आशुतोष तिवारी को चुनाव जीता देते हैं तो उनका कद और बढ़ेगा। साथ ही जमीन से जुड़े विवाद भी हाशिए में जाएंगे। ऐसे ही बिहार में सम्राट चौधरी के सामने प्रदेश के किसी नेता की चुनौती नहीं है। उन्होंने प्रशांत किशोर की पार्टी तोड़नी शुरू कर दी है। भाजपा ने प्रशांत किशोर की पार्टी से पिछली बार चुनाव लड़े पटना के दो प्रमुख उम्मीदवारों को अपने साथ लिया है। जाने माने शिक्षक केसी सिन्हा और कारोबारी बिट्टू सिंह को भाजपा में शामिल कराया गया है। इसी तरह एक अन्य नेता गोपाल सिंह को भी पार्टी में शामिल कराया गया है। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के एक नेता आनंद मधुकर यादव को पार्टी में शामिल कराया। अगर वे बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर को अपने उम्मीदवार नीरज सिन्हा से हरवा देते हैं तो उनका भी कद बहुत बढ़ेगा। पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री बनते ही भाजपा को लोकसभा के 20 और राज्यसभा के तीन सांसद दिए हैं। तृणमूल कांग्रेस के विधायक दल और संसदीय दल के टूटने का श्रेय उनको जाता है। सो, अब योगी, फड़नवीस और हिमंता के साथ साथ सम्राट चौधरी, शुभेंदु अधिकारी, पुष्कर सिंह धामी और मोहन यादव भी प्रादेशिक क्षत्रप के तौर पर उभर रहे हैं। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यानी मोदी और शाह ने चूंकि इनको चुना है इसलिए उनका पूरा समर्थन इन नेताओं को मिल रहा है।



# सड़क, संघर्ष, हिरासत और सियासत

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई बड़े चेहरों की तरफ से आज 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना दिया गया। करीब पांच घंटे तक चले इस प्रदर्शन को पुलिस ने शाम करीब 7 बजे बलपूर्वक खत्म कराया। इसके बाद दिल्ली पुलिस की तरफ से राहुल-प्रियंका के साथ कई कांग्रेस नेताओं और यहां तक कि धरने में पहुंचे समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव तक को हिरासत में ले लिया गया।

**1. कब-कैसे शुरू हुआ धरना?**

**दोपहर करीब 2.30-3.00 बजे**

कांग्रेस सांसदों को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास (10, राजाजी मार्ग) पर उनके जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। वहां से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस नेता अचानक पीएम आवास 7, लोक कल्याण मार्ग की ओर मार्च करते हुए निकले।

**दोपहर लगभग 3:30-4.00 बजे**

राहुल और प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने पीएम आवास के बाहर जुटकर धरना और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करके छात्रों पर हुई क्रूरता के खिलाफ प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से जवाब और इस्तीफे की मांग की।

**2. पुलिस की कार्रवाई कब शुरू हुई?**

**दोपहर 4 से 5 बजे**

पुलिस ने पीएम मोदी के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे कुछ शुरूआती कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिया। इनमें चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कई नेता शामिल रहे। इन्हें पुलिस की गाड़ियों में बिठाकर धरनास्थल से दूर किया गया।



पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों को जिप टाई बांटीं। इसका मकसद यह था कि सांसद एक-दूसरे के हाथ बांध लें, जिससे पुलिस के लिए उन्हें वहां से हटाना मुश्किल हो जाए।

पुलिस ने भारी सुरक्षा बल तैनात करते हुए पीएम आवास की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दी, ताकि अन्य प्रदर्शनकारी वहां न पहुंच सकें।

**3. सरकार की तरफ से बातचीत कब शुरू हुई?**

शाम करीब 5.00 से 5.30 बजे

सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर राहुल गांधी से बातचीत की। हालांकि, यह वार्ता बेनतीजा रही क्योंकि कांग्रेस नेताओं ने अपनी मांगें- शिक्षा मंत्री का इस्तीफा और संसद में चर्चा) पूरी होने तक धरना वापस लेने से साफ इनकार कर दिया।

**4. अखिलेश यादव धरने से कब जुड़े?**

**शाम 5.30-6.00 बजे**

कांग्रेस के नेताओं ने एलान किया कि वह तब तक धरनास्थल से नहीं हटेंगे, जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता। राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस सांसद और कार्यकर्ता पीएम आवास के बाहर दिन-रात जुटे रहने के लिए तैयार हैं।

इस बीच समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश यादव भी धरने में पहुंचे। उनके साथ कुछ और सपा कार्यकताओं के धरनास्थल पहुंचने की खबरें आईं। पुलिस ने धरना स्थल तक पहुंचने वाले मार्गों को घेरना शुरू किया।

**5. पुलिस ने कब की नेताओं को हटाने की कार्रवाई?**

**शाम 6.00-6.30 बजे**

इस बीच राकांपा नेता सुप्रिया सुले पीएम आवास के बाहर कांग्रेस के धरने से जुड़ीं। दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संसद में नीट पेपर लीक और इससे जुड़े आंदोलन की चर्चा की कांग्रेस की मांग को मान लिया गया, लेकिन राहुल ने अपनी शर्तें बदल लीं। राहुल अब शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर अड़े हैं। उन्होंने कहा कि राहुल का अपनी शर्तों से मुकरना ठीक नहीं है। कांग्रेस ने इन मुद्दों पर चर्चा के लिए कोई नोटिस नहीं दिया।

**शाम 6.30 से 8.00 बजे**

धरना खत्म न होता देख दिल्ली पुलिस ने सांसदों और शीर्ष नेताओं को हिरासत में लेना शुरू कर दिया। हिरासत में लिए गए कांग्रेस सांसदों और नेताओं को पुलिस बसों में बैठाकर वहां से ले जाने लगी।

पुलिस ने मुख्य रूप से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिलेश यादव को हिरासत में ले लिया और उन्हें धरना स्थल से हटा दिया। राहुल को हिरासत में लिए जाने के दौरान उनकी नाक से खून निकलता देखा गया।

पुलिस ने पीएम आवास के बाहर के इलाके को पूरी तरह से खाली करा दिया, जिसके बाद यह धरना समाप्त हो गया। कांग्रेस पार्टी की ओर से यह जानकारी दी गई कि पुलिस ने राहुल गांधी को हिरासत में लेकर मॉडल टाउन पुलिस स्टेशन पहुंचा दिया है।

प्रियंका गांधी वाड्रा को मंदिर मार्ग थाने में हिरासत में रखे जाने की बात सामने आई। करीब पौने नौ बजे प्रियंका से मिलने के लिए उनकी मां सोनिया गांधी थाने पहुंचीं।

## बिग बॉस के नए सीजन की तैयारियां तेज, कई चर्चित नामों से संपर्क




लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस के नए सीजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शो के प्रशंसकों के लिए इस बार कई बड़े बदलाव और नए प्रयोग देखने को मिल सकते हैं। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम का नया सीजन सितंबर में शुरू होने की संभावना है और इसके लिए प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया जारी है। बताया जा रहा है कि इस बार देश के विभिन्न भाषाई संस्करणों को एक साथ शुरू करने की योजना बनाई गई है। हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला संस्करण भी लगभग एक ही समय पर दर्शकों के सामने आएंगे। इससे कार्यक्रम का दायरा और व्यापक होने की उम्मीद है। हिंदी संस्करण की मेजबानी एक बार फिर अभिनेता सलमान खान करते नजर आ सकते हैं। हालांकि कार्यक्रम से जुड़ी आधिकारिक प्रतिभागी सूची अभी जारी नहीं की गई है, लेकिन मनोरंजन जगत से जुड़े कई चर्चित नामों के संपर्क में होने की चर्चा है।

### संभावित प्रतिभागियों के नाम चर्चा में

सूत्रों के अनुसार जिन नामों की सबसे अधिक चर्चा हो रही है, उनमें निया शर्मा, जन्नत जुबैर, करण पटेल, अर्जुन बिजलानी, मिस्टर फैसू, अरबाज पटेल, रिधिमा गुप्ता, रुरु ठाकुर, भागीरथ भट्ट और भव्या सिंह शामिल हैं। हालांकि इन नामों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### सैंटी शर्मा का नाम भी चर्चा में

रैपर सैंटी शर्मा का नाम भी संभावित प्रतिभागियों की सूची में सामने आया है। हाल के दिनों में वे अपने एक वीडियो को लेकर चर्चा में रहे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर व्यापक बहस देखने को मिली। इसी वजह से उनका नाम भी कार्यक्रम से जुड़ने की अटकलों में शामिल हो गया है। हालांकि शो के निर्माताओं की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## विरोध प्रदर्शनों पर प्रीति जिंटा की अपील

# संवाद और शांति बनाए रखने पर दिया जोर



अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने हाल में चल रहे छात्र आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि छात्रों की चिंताओं और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, लेकिन किसी भी शांतिपूर्ण आंदोलन का मूल उद्देश्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। प्रीति जिंटा ने सामाजिक माध्यम पर साझा किए गए अपने संदेश में कहा कि युवाओं की आवाज सुनना और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास आवश्यक हैं। उनके अनुसार, छात्रों को अपनी बात रखने का लोकतांत्रिक अधिकार है और उनकी मांगों पर सकारात्मक संवाद होना चाहिए।

अभिनेत्री ने यह भी कहा कि किसी भी विरोध प्रदर्शन को उसके मूल उद्देश्य से भटकने नहीं देना चाहिए। उन्होंने समाज में बढ़ती कटुता और विभाजनकारी माहौल पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे समय में संयम, जिम्मेदारी और आपसी संवाद की आवश्यकता और बढ़ जाती है। प्रीति ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, कानून व्यवस्था और संवाद की प्रक्रिया पर भरोसा जताया। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि सभी पक्ष बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशेंगे और युवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। अपने संदेश में उन्होंने यह भी कहा कि वह हमेशा मेहनत, समान अवसर और उत्कृष्टता की पक्षधर रही हैं। उनका मानना है कि शिक्षा और युवाओं का भविष्य किसी भी समाज की सबसे महत्वपूर्ण नींव होता है, इसलिए इस विषय पर सकारात्मक और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

## अच्छी कहानियां भाषा और सीमाओं से परे होती हैं-अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि सिनेमा की सबसे बड़ी ताकत उसकी कहानी होती है और एक अच्छी कहानी किसी भाषा, क्षेत्र या उद्योग की सीमाओं में नहीं बंधती। हिंदी, तेलुगु और मराठी फिल्मों में काम कर चुकीं अदा ने कहा कि आज के दर्शक सशक्त किरदारों और ईमानदार कथानकों को अधिक महत्व दे रहे हैं। हाल ही में बातचीत के दौरान अदा शर्मा ने महिला प्रधान फिल्मों और बदलते सिनेमा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अब दर्शक केवल बड़े नामों या बड़े बैनरों को नहीं देखते, बल्कि ऐसी कहानियों को पसंद करते हैं जो दिल से जुड़ती हैं और समाज से जुड़े विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती हैं। अदा ने कहा कि उन्हें अपने अभिनय सफर में विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला है और हर उद्योग ने उन्हें यादगार तथा मजबूत महिला किरदार निभाने का मौका दिया। उनके अनुसार, आज दर्शक भाषा की बाधाओं से आगे बढ़ चुके हैं और अच्छी सामग्री को खुले मन से स्वीकार कर रहे हैं। अभिनेत्री ने कहा कि यह कलाकारों के लिए उत्साहजनक समय है, क्योंकि अब किसी भी भाषा की अच्छी कहानी पूरे देश के दर्शकों तक पहुंच सकती है। उन्होंने माना कि मजबूत महिला पात्रों वाली फिल्मों को पहले की तुलना में अधिक सराहना मिल रही है। अदा शर्मा जल्द ही मराठी सिनेमा में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'गजरा' वास्तविक घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं और इसके अगले वर्ष प्रदर्शित होने की संभावना है।

# मेरा सफर ही मेरी सबसे बड़ी सीख रहा-यामी गौतम



राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री यामी गौतम ने अपने अभिनय जीवन को अपनी सबसे बड़ी सीख और प्रेरणा बताया है। उनका कहना है कि मनोरंजन जगत में अब तक का उनका सफर उन्हें लगातार नई बातें सिखाता रहा है और इसी अनुभव ने उन्हें एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है। यामी गौतम ने हाल ही में अपने करियर, संघर्ष और उपलब्धियों पर विचार साझा करते हुए कहा कि सफलता तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन हर चुनौती इंसान को मजबूत बनाती है। उन्होंने माना कि वर्षों की मेहनत, धैर्य और समर्पण ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। अभिनेत्री ने अपने संदेश में कहा कि उनका पूरा सफर ही उनका सबसे बड़ा शिक्षक रहा है। उन्होंने उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके काम की सराहना की और समय-समय पर उनका उत्साह बढ़ाया। यामी ने कहा कि वह आगे भी सीखते रहने, निरंतर आगे बढ़ने और अपने काम के प्रति पूरी ईमानदारी बनाए रखने का प्रयास करती रहेंगी यामी ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। शुरुआती दिनों में उन्होंने कई धारावाहिकों में काम किया और बाद में फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। उनकी पहली हिंदी फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया, जिसके बाद उन्होंने लगातार अलग-अलग तरह की भूमिकाओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अपने अभिनय सफर में यामी ने कई सफल और चर्चित फिल्मों में काम किया है। गंभीर विषयों पर आधारित फिल्मों से लेकर सामाजिक संदेश देने वाली कहानियों तक, उन्होंने विविध भूमिकाएं निभाकर दर्शकों का विश्वास हासिल किया है।

बीसीसीआई का बड़ा फैसला

## जानबूझकर नो-बॉल फेंकने पर पूरे मैच से बाहर होगा गेंदबाज



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2026-27 घरेलू सत्र से पहले प्लेइंग कंडीशंस में बड़े बदलाव किए हैं। सबसे अहम बदलाव जानबूझकर नो-बॉल फेंकने वाले गेंदबाजों को लेकर किया गया है। नए नियम के तहत यदि कोई गेंदबाज जानबूझकर फ्रंट-फुट नो-बॉल या गलत तरीके से गेंदबाजी करता पाया जाता है तो उसे केवल उस पारी से नहीं, बल्कि पूरे मैच के बाकी हिस्से से गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया जाएगा। यह फैसला मैदान पर मौजूद अंपायर लेंगे। बीसीसीआई ने एमसीसी (मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब) की सिफारिशों के आधार पर यह बदलाव लागू किया है। इसके अलावा दिन के अंतिम ओवर में विकेट गिरने पर भी ओवर पूरा कराया जाएगा, जबकि पहले ऐसे मामलों में तुरंत स्टंप्स घोषित कर दिए जाते थे। बोर्ड का मानना है कि इससे नई बल्लेबाज को क्रीज पर आने का उचित अवसर मिलेगा। नए नियमों के अनुसार किसी मैच की अंतिम पारी में अब कोई टीम पारी घोषित (डिक्लेयर) या फॉरफिट नहीं कर सकेगी। यह बदलाव खेल भावना को बनाए रखने और कृत्रिम परिणामों की संभावना खत्म करने के लिए किया गया है। वनडे घरेलू क्रिकेट में कोच को भी राहत दी गई है। अब मुख्य कोच ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से बातचीत कर सकेंगे। वहीं विकेटकीपरों के लिए भी नियम आसान किए गए हैं। अब उन्हें केवल गेंद डाले जाने के समय ही दस्ताने स्टंप्स के पीछे रखने होंगे, जिससे अनावश्यक नो-बॉल और स्टंपिंग विवाद कम होंगे।

अफगानिस्तान क्रिकेट में बड़ा बदलाव

# हशमतुल्लाह शाहिदी ने छोड़ी वनडे कप्तानी

# नए कप्तान की तलाश शुरू



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी ने वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया है। 31 वर्षीय शाहिदी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कप्तानी छोड़ने का फैसला पूरी तरह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह खिलाड़ी के रूप में वनडे टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे और देश का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। शाहिदी ने वर्ष 2022 में अफगानिस्तान की वनडे टीम की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई यादगार उपलब्धियां हासिल कीं। 2023 वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान ने इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड्स जैसी टीमों को हराकर दुनिया को अपनी क्षमता का परिचय दिया था। टीम सेमीफाइनल की दौड़ में भी लंबे समय तक बनी रही और शानदार प्रदर्शन के कारण क्रिकेट जगत में खूब सराहना मिली।

शाहिदी का कप्तानी छोड़ने का फैसला ऐसे समय आया है जब हाल ही में टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल समाप्त हुआ और उनकी जगह अनुभवी कोच रिचर्ड पाइबस ने जिम्मेदारी संभाली है।

माना जा रहा है कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब टीम के भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अपने बयान में शाहिदी ने खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान और गर्व की बात रही। उन्होंने यह भी कहा कि टीम की उपलब्धियां किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समूह की मेहनत, समर्पण और एकजुटता का परिणाम हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब आयरलैंड के खिलाफ 5 अगस्त से शुरू होने वाली वनडे सीरीज से पहले नए कप्तान की घोषणा कर सकता है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि बोर्ड युवा नेतृत्व को मौका देने पर विचार कर सकता है, ताकि आगामी आईसीसी टूर्नामेंटों की तैयारियों को मजबूत किया जा सके। हशमतुल्लाह शाहिदी अफगानिस्तान के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। उन्होंने अब तक 96 वनडे मुकाबलों में टीम का प्रतिनिधित्व किया है और कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। कप्तानी छोड़ने के बावजूद उनकी मौजूदगी टीम के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। ऐसे में अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए यह बदलाव एक नए दौर की शुरुआत माना जा रहा है, जहां टीम नए कप्तान के नेतृत्व में भविष्य की चुनौतियों का सामना करेगी।

# जिम्बाब्वे दौरे पर भारत की नई परीक्षा

## श्रेयस की कप्तानी और युवा खिलाड़ियों पर टिकी नजर

**नई दिल्ली।** आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार सीरीज हार के बाद भारतीय टी20 टीम अब जिम्बाब्वे दौरे पर वापसी की उम्मीदों के साथ उतरेगी। तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार को हरारे में खेला जाएगा, जहां सबसे ज्यादा नजरें कप्तान श्रेयस अय्यर पर रहेंगी। अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक एक भी टी20 सीरीज नहीं जीत पाया है, ऐसे में यह दौरा उनके लिए खुद को साबित करने का बड़ा मौका माना जा रहा है। टीम में कई युवा खिलाड़ियों को मौका मिला है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के पास शीर्ष क्रम में अपनी जगह मजबूत करने का सुनहरा अवसर होगा। अंडर-19 स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर चुके वैभव से बड़ी पारियों की उम्मीद की जा रही है। वहीं मध्यक्रम में रिंकू सिंह की वापसी टीम को मजबूती देगी। रिंकू अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और फिनिशिंग क्षमता के दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। गेंदबाजी विभाग में भी कई नए चेहरों पर नजर रहेगी। चोट से वापसी कर रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव अपनी रफ्तार से प्रभावित करने को तैयार हैं। उनके साथ युवा पेसर अशोक शर्मा और यश ठाकुर भी चयनकर्ताओं की कसौटी पर होंगे। अशोक ने आईपीएल में अपनी तेज गेंदबाजी से सुर्खियां बटोरी थीं, जबकि यश घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। भारतीय टीम के लिए यह सीरीज सिर्फ जीत हासिल करने का मौका नहीं, बल्कि भविष्य की टी20 टीम तैयार करने की दिशा में भी अहम मानी जा रही है। युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन और श्रेयस अय्यर की कप्तानी पर इस दौरे के दौरान सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

शराब पीकर गाड़ी चलाना पड़ा भारी,

## डेविड वॉर्नर पर जेल की तलवार, कोर्ट में कबूला जुर्म



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्टार क्रिकेटर डेविड वॉर्नर एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। वॉर्नर ने सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप को अदालत में स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद उन पर जुर्माने से लेकर नौ महीने तक की जेल की सजा का खतरा मंडरा रहा है। मामले में अंतिम फैसला 18 अगस्त को सुनाया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, 5 अप्रैल को सिडनी के पूर्वी इलाके में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे रैंडम ब्रेथ टेस्ट के दौरान वॉर्नर को रोका गया था। शुरुआती जांच में उनके शराब के प्रभाव में होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां हुई जांच में उनके रक्त में अल्कोहल का स्तर 0.104 पाया गया, जो निर्धारित कानूनी सीमा से दोगुना से भी अधिक था। सुनवाई के दौरान वॉर्नर के वकील बॉबी हिल ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि वॉर्नर को टैक्सी या उबर का इस्तेमाल करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने गलत फैसला लेते हुए खुद वाहन चलाने का निर्णय लिया। वकील ने इसे एक लापरवाही भरा कदम बताया और अदालत से नरमी बरतने की अपील की ऑस्ट्रेलियाई कानून के तहत इस अपराध के लिए वॉर्नर पर कम से कम छह महीने के ड्राइविंग बैन, 2200 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना और अधिकतम नौ महीने की जेल की सजा हो सकती है। हालांकि अंतिम फैसला अदालत के विवेक पर निर्भर करेगा। यह पहला मौका नहीं है जब वॉर्नर किसी विवाद में फंसे हों। 2018 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान हुए चर्चित बॉल टैंपरिंग कांड में उनकी भूमिका सामने आने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन पर 12 महीने का प्रतिबंध लगाया था। उस मामले के बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में किसी भी नेतृत्वकारी भूमिका के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके अलावा 2013 में इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट के साथ हुए विवाद के कारण भी उन्हें निलंबन झेलना पड़ा था।

## बुधवार, 22 जुलाई राशिफल

मेष: आज करियर और कारोबार में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा तथा परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

वृष: आज अपने व्यवहार में लचीलापन रखें, इससे रिश्ते और काम दोनों बेहतर होंगे। घर-परिवार का माहौल सुखद रहेगा और किसी महत्वपूर्ण चर्चा का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रखें और सेहत का ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में धैर्य से किया गया काम सफलता दिलाएगा।

मिथुन: आज लेन-देन और आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी रखें। भाई-बहनों और मित्रों का सहयोग मिलेगा तथा छोटी यात्रा के योग बन सकते हैं। करियर में पुराने प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भविष्य में लाभ दिला सकती है।

कर्क: आज परिवार और संतान से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिलने के योग हैं और मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा घर का माहौल खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अनावश्यक तनाव से बचें।

सिंह: आज नौकरी और व्यापार में सफलता मिलने के प्रबल योग हैं। आपकी मेहनत और आत्मविश्वास लोगों को प्रभावित करेंगे। कोई नई उपलब्धि मिल सकती है और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा तथा खर्चों पर नियंत्रण रखना लाभदायक रहेगा।

कन्या: आज धन और करियर से जुड़े मामलों में लाभ मिल सकता है। नई डील या महत्वपूर्ण काम में सफलता मिलने की संभावना है। परिवार का सहयोग मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। अधिक काम के कारण थकान महसूस हो सकती है, इसलिए आराम भी करें।

तुला: आज आपका व्यक्तित्व आकर्षण का केंद्र रहेगा और पुराने रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। व्यापारिक बातचीत और नई योजनाओं के लिए दिन अनुकूल है। परिवार और दोस्तों का सहयोग मिलेगा। सकारात्मक सोच बनाए रखें, सफलता आपके साथ रहेगी।

वृश्चिक: आज किसी भी महत्वपूर्ण फैसले में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में व्यावहारिक सोच से लाभ मिलेगा और विदेश या दूरस्थ संपर्कों से फायदा हो सकता है। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। परिवार का साथ मिलेगा और मन शांत रहेगा।

धनु: आज कार्यस्थल पर सम्मान मिलने के योग हैं। किसी वरिष्ठ या गुरु की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित होगी। कागजी कार्यों में सावधानी रखें और बिना पढ़े किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर न करें। परिवार का सहयोग मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

मकर: आज योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर सफलता मिलेगी। कारोबार में किसी विशेषज्ञ की सलाह लाभदायक रहेगी। संपत्ति या निवेश से जुड़े मामलों में पूरी जांच-पड़ताल करें। खान-पान का विशेष ध्यान रखें और परिवार के साथ समय बिताएं।

कुंभ: आज अचानक धन लाभ या नए अवसर मिलने की संभावना है। सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में आपकी सराहना होगी। निवेश सोच-समझकर करें और बातचीत में संयम रखें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और मन प्रसन्न रहेगा।

मीन: आज व्यापार और करियर में अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। पुराने प्रयास सफल होंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। परिवार और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, फिर भी नियमित दिनचर्या बनाए रखें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# श्रावण मास से पूर्व शहर को गड्ढा मुक्त कराने की मांग

- परिक्रमा मार्गों को गड्ढा मुक्त, स्वच्छ और सुरक्षित करवाने के संबंध में नगर आयुक्त को प्रार्थना-पत्र दिया



एनएनआई

**आगरा।** समाजसेवी व पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट वालों ने शहर के प्रमुख शिवालयों के परिक्रमा मार्गों को गड्ढा मुक्त, स्वच्छ और सुरक्षित करवाने के संबंध में नगर आयुक्त को प्रार्थना-पत्र दिया। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि आगामी 30 जुलाई से पवित्र और फलदाई श्रावण मास प्रारंभ होने जा रहा है। आगरा की धार्मिक परंपरा के अनुसार सावन में शहर के चारों कोनों पर स्थित प्राचीन शिव मंदिरों बल्केश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर,राजेश्वर मंदिर, पृथ्वीनाथ मंदिर एवं रावली मंदिर की परिक्रमा करने के लिए लाखों शिवभक्त जलाभिषेक के लिए आएंगे। हजारों की संख्या में काँवड़ यात्री जल लेकर पैदल यात्रा करेंगे और रात्रि में भी परिक्रमा जारी रहेगी। उन्होंने यह भी मांग कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सावन प्रारंभ होने से पूर्व उपरोक्त कार्यों को युद्ध स्तर पर करवाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए जाएँ, जिससे लाखों शिवभक्त बिना किसी अवरोध के अपनी आस्था व्यक्त कर सकें। नगर आयुक्त ने उनको आश्वस्त किया कि शीघ्र ही शिव मंदिरों और परिक्रमा मार्गो का मौका मुआयना कर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा।

# घर-घर बाबा गावऐ....

**गुरबाणी की अमृतमयी रसधारा में सराबोर हुआ गुरमत कीर्तन दीवान**

एनएनआई



**आगरा।** गुरुद्वारा दशमेश दरबार, शहीद नगर-विभव नगर में घर-घर बाबा गावऐ के पावन संदेश को समर्पित गुरमत कीर्तन दीवान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया, इस अवसर पर संगत ने धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में नतमस्तक होकर गुरु चरणों का आशीर्वाद प्राप्त किया, दीवान में पंथ के प्रख्यात कीर्तनियें भाई हरजोत सिंह ( गुरदुवारा मीठा कूआं वालो ) ने श्री गुरु नानक देव जी की महान शिक्षाओं और गुरबाणी की अमृतवाणी का मधुर कीर्तन कर संगत को भाव विभोर कर दिया, शब्द कीर्तन के दौरान पूरा दीवान 'वाहेगुरु' के सिमरन और गुरबाणी के दिव्य रस में डूबा दिखाई दिया, इस अवसर पर गुरु नानक देव की पावन शिक्षाओं एवं उपदेशों पर आधारित विचार भी संगत के समक्ष रखे गए, भाई साहब भाई हरजोत सिंह जी ने कहा कि 'घर-घर बाबा गावीऐ' का संदेश प्रत्येक मनुष्य तक गुरबाणी, नाम सिमरन और गुरु के आदर्शों को पहुंचाने की प्रेरणा देता है, गुरु साहिब की शिक्षाएं मानवता, प्रेम, सेवा और भाईचारे का मार्ग प्रशस्त करती हैं, समापन पर ज्ञानी मंशा सिंह मंदीप सिंह ने विश्व शांति, मानव कल्याण एवं सभी के सुख समृद्धि की अरदास की तथा गुरु का अटूट लंगर ग्रहण कर गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं, पूरे दीवान का वातावरण श्रद्धा,भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से ओत-प्रोत रहा, मुख्य रूप से ज्ञानी मंशा सिंह, कमलजीत कौर, गुरचरन सिंह,जनरेल सिंह,प्रधान हरपाल सिंह,राजू सलूजा,श्याम भोजवानी,सचिव मलकीत सिंह, गुरेंदर सिंह ओबरोय,सुरेंद्र सिंह लवली,इंदरजीत सिंह,मंशा सिंह, कमलजीत कौर, गुरचरन सिंह जनरेल सिंह,अमरजीत कौर आदि रहे।

# सशस्त्र बल की इकाइयों में भविष्य संवारने को बेताब बेटियां



- बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल शैलेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में किया गया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** वन यू पी गर्ल्स बटालियन एनसीसी बालूगंज का एनसीसी 'ए' 'बी' 'सी' प्रमाण पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन गणेश राम नागर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर बलकेश्वर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल शैलेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में किया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि के आगमन और कैडेटों द्वारा दिए गए 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ हुई। इस कार्यक्रम में वन यू पी गर्ल्स बटालियन के अंतर्गत आने वाले कुल13 इकाइयों के शैक्षणिक संस्थाओं के एनसीसी कैडेट्स, संस्थाओं के प्रिंसिपल, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर व केयरटेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत और प्रस्तावना से एएनओ कैप्टन नीलम कान्त द्वारा की गई। तत्पश्चात सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन आरंभ किया गया । जिसमें 'अ', 'इ' और 'उ' सर्टिफिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को,कैंपों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सर्टिफिकेट वितरण कुल संख्या- 368 रही। इस अवसर पर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहां कि "एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है।यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश सेवा की भावना पैदा करता है आज सर्टिफिकेट पाने वाले सभी कैडेट्स हमारे देश के भविष्य हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह समाज में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएंगे। लेफ्टिनेंट सरिता चौहान ने मीडिया प्रभारी का संचालन किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान व एनसीसी सॉन्ग के साथ संपन्न हुआ।

